## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ किया दुष्कृत, आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

**मण्डला।** जिले के बम्हनी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ दुष्कृत करने के मामले में आरोपी को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) न्यायालय ने 20 वर्ष का सश्रम कारावास के साथ अर्थदण्ड से दण्डित किया है। दुष्कृत करने वाले आरोपी थाना बम्हनी क्षेत्र के ग्राम ढेको का है। पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी सोनू झारिया पिता पूरनलाल झारिया 25 वर्ष निवासी ग्राम ढेको को धारा 366 भादस में 05 वर्ष सश्रम कारावास और पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा के साथ तीन हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जानकारी अनुसार विगत वर्ष 17 जुलाई 2021 को अभियोक्त्री के पिता ने बम्हनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी सबसे छोटी नाबालिग बेटी 16 जुलाई की शाम 7 बजे घर से पेट दर्द होने की गोली लेने दुकान जाने का कहकर गई थी लेकिन रात्रि तक वापस नहीं आई और आसपास व रिशतेदारी में तलाश करने पर भी उसका पता नहीं चल सका। वहीं अभियुक्त सोनू झारिया भी अपने घर में नहीं था, इसलिए उन्हें संदेह है कि अभियुक्त उसकी नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर कहीं भगाकर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर थाना बम्हनी के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान मुखबीर से मिली सूचना पर अपहृता अभियोक्त्री को 26 नबंवर 2021 को छत्रपति चौक नागपुर के किनारे निर्माणाधीन इमारत के दूसरे माले में अभियुक्त सोनू झारिया के कब्जे से दस्तयाब किया गया। जिसे बम्हनी थाना लाकर उससे पूछताछ की गई।

## रखरखाव की लगातार होती रही अनदेखी

# मटियारी नहर फूटी, खेतों में घुसा पानी

*** अधिकारियों की लापरवाही का परिणाम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया





विकासखंड बिछिया के ग्राम बघरोड़ी में मटियारी बांध की मुख्य नहर एक बार फिर किसानों को संकट में डाली है। क्योंकि उनके खेत पानी से लबालब है। इससे वे खरीफ की फसल की तैयारी में नहीं जुट पा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि लंबे अरसे से विकासखंड बिछिया के ग्राम बघरौड़ी में बांध की मुख्य नहर कई जगह से फूटी है। इससे नहर का पानी व्यर्थ बह रहा है तो कहीं किसानों के खेतों में पहुंच हानि पहुंचा रहा है। किसानों ने ये भी बताया है कि पिछले गत दिवस माह फरवरी में बनी समस्या एक बार फिर खड़ी हो गई है। प्रशासन के द्वारा नहर की सिर्फ थोड़ा बहुत सुधारकार और अनदेखी के चलते नहर कई जगह से जर्ज़र हालत में है। जिससे लगातार ये संकट के हालात कई वर्षो से बने हैं। पर जिला और जनपद प्रशासन इसके लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठा पा रहे हैं। एसडीओ के पास कई गांव का प्रभार होने के कारण उनके द्वारा जमकर लापरवाही बरती जा रही है।

मटियारी जलाशय की मुख्य नहर दाएं ओर से प्रभावित हुई है। इसके चलते दाएं ओर के अंतर्गत आने वाले गांव के किसान परेशान है। फिलहाल अभी तो जामुनटोला और भावामाल के किसानो के करीब एक दर्जन खेतों में नहर का पानी घुसा है। इससे वे जून माह में बोने वाली खरीफ की फसल की तैयारी नहीं कर पा रहे है।

वर्षो से मटियारी जलाशय की नहरों की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय कृषकों ने आवाज उठाई है ऐसा पहली बार नहीं हुआ कि नहरों के क्षतिग्रस्त होने से खेतों में पानी भरा हो और कृषकों की खेती प्रभावित हुई हो पिछले वर्षो में ऐसा कई बार हो चुका है। दुखद तो यह है कि जब कृषकों को पानी की आवश्यकता होती है तब जलाशय प्रबंधन उन्हें पानी उपलब्ध नहीं करा पाता और जैसे-तैसे किसानों की फसल पकती है तो न चाहते हुये भी इनकी गलतियों के कारण खेतों में पानी भर जाता है।

स्थानीय कृषकों का कहना है कि विभाग के पास रखरखाव के लिये राशि आती है वह राशि कहां खर्च होती है यह किसी से छुपा नहीं है। यही कारण है कि रखरखाव की राशि जहां नहरों की मरम्मत करने के लिये खर्च की जानी चाहिये वह अधिकारियों की जेबे गर्म करने में खर्च की जाती है और जब अधिकारी ही इस काम में लगा होता है तो फिर उनके अधिनस्थ कर्मचारियों से क्या उम्मीद की जा सकती है इसी का परिणाम है कि नहरों की स्थिति जर्जर होती गई।

### इन कृषकों के खेत में भरा पानी

झम्मी लाल उल्हाड़ी, राधेश्याम, पुरुषोत्तम, रेवती तिवारी, दीपक तिवारी, गिन्दी बाई तिवारी, के अलावा और भी किसान शामिल है।

# मानक अनुसार गेंहू नहीं पाए जाने पर की कार्रवाई

*** गोदाम संचालक ब्लेकलिस्टेड, सर्वेयर कार्य से पृथक, खरीदी प्रभारी निलंबित व उपार्जन कार्य से प्रथक किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में संचालित उपार्जन केन्द्र जामगांव (गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र आकाश वेयरहाउस जामगांव) में उपार्जित गेहूं 5 स्टेकों में मानक मापदंड के अनुसार गेहूं नहीं पाए जाने पर सर्वेयर अभय पांचे एवं सुशील झारिया को कार्य से पृथक किया गया है तथा गोदाम संचालक आकाश वेयरहाउस जामगांव को ब्लेकलिस्टेड किया गया है। प्रभारी को निलंबित व उपार्जन कार्य से पृथक किया गया।

इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में संचालित उपार्जन केन्द्र जामगांव (गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र आकाश वेयरहाउस जामगांव) में उपार्जित गेहूं 5 स्टेकों में फॉरेन मेटर अधिक पाया गया है जिसमें प्रथम दृष्टया खरीदी प्रभारी, सर्वेयर एवं गोदाम प्रभारी तथा मालिक की गलती परिलक्षित हो रही है जिसके आधार पर सर्वेयर अभय पांचे एवं सुशील झारिया को उपार्जन कार्य से पृथक किया गया है तथा गोदाम संचालक आकाश वेयरहाउस जामगांव को ब्लेकलिस्ट किया गया है। जारी आदेश के अनुसार अपग्रेडेशन व अपग्रेडेशन कार्य में होने वाली घटी की प्रतिपूर्ति आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जामगांव से कराने तथा समिति को उपार्जन कार्य से पृथक किया गया है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जामगांव के खरीदी प्रभारी प्रेमचंद साहू को निलंबित किया गया है। साथ ही इन्हें आगामी उपार्जन कार्य से भी पृथक किया गया है।

### चिन्हित केन्द्रों में 25 जून तक होगा उपार्जन

**मण्डला।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में जिले में 54 उपार्जन केन्द्र में से 46 उपार्जन केन्द्रों में गेहूं की आवक न होने से बंद कर दी गई है। शेष उपार्जन केन्द्रों के लिए कृषि उपज मंडियों में गेहूं की आवक एवं किसानों को समर्थन मूल्य योजना का लाभ प्रदान करने हेतु क्रमशः लेम्पस मण्डला, लेम्पस बम्हनीबंजर, विपणन बिछिया, लेम्पस मोहगांव, लेम्पस निवास, लेम्पस नारायणगंज, लेम्पस बीजाडांडी एवं विशाल स्व सहायता समूह बिनैका के द्वारा संचालित क्रमशः उपार्जन केन्द्र मार्कफेड बड़ीखैरी, मण्डी बम्हनीबंजर, बिछिया मण्डी, समिति मोहगांव, मार्कफेड गोदाम निवास, समिति नारायणगंज, समिति बीजाडांडी एवं मण्डी नैनपुर में गेहूं उपार्जन का कार्य 25 जून 2024 तक किया जाएगा।

### अभियान के रूप में निराकृत करें सीमांकन के प्रकरण-डॉ. सिडाना

**मण्डला।** राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि अभियान के रूप में सीमांकन के लम्बित प्रकरणों को अगले 15 दिवस में निराकृत करें। कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए टीम गठित करें। प्रकरणों में रिपोर्ट प्रस्तुत होने पर ही प्रकरण को निराकृत माना जाए। सीमांकन करने के पूर्व संबंधित पक्षकारों को अनिवार्य रूप से सूचित करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्वामित्व योजना के तहत त्रुटिसुधार से संबंधित कार्य को जल्द पूर्ण करें। योजना से संबंधित तकनीकि समस्याओं को अगले एक माह में निराकृत कराएं। उन्होंने समग्र ईकेवाईसी, लैंड रिकार्ड लिंकेज, सायबर तहसील, न्यायालयीन प्रकरण आदि के संबंध में भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, ऋषभ जैन एवं हुनेन्द्र घोरमारे, सहायक कलेक्टर आकिप खान सहित संबंधित उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी राजस्व अधिकारी अपने कोरवर्क पर ध्यान दें। समस्त एसडीएम अपने स्तर से समीक्षा करते हुए प्रगति लाने का प्रयास करें। राजस्व अधिकारी आंकड़े के स्थान पर उचित निराकरण पर फोकस करें। प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लम्बित न रखें, उनके निराकरण की कार्यवाही करें। नामांतरण के 3 माह से अधिक समय से लम्बित प्रकरणों में सुनवाई करते हुए उन्हें प्राथमिकता से निराकृत करें। इसी प्रकार बटवारे के प्रकरणों में भी नियमानुसार कार्यवाही करें। विभिन्न न्यायालयों से पारित होने वाले आदेशों पर अमल कराएं। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी राहत प्रदान करने से संबंधित प्रकरण तथा राजस्व वसूली के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें। ऐसे प्रकरणों में मौके पर जाकर जांच करें। किसी भी प्रकार की आपदा पर संबंधित को समय पर पात्रतानुसार राहत दिलाना राजस्व विभाग की जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने राजस्व वसूली के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

## निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मंडला का भ्रमण करते हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत की जाने वाली मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सभी तैयारियों को अगले 2 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मतगणना के दौरान विद्युत की आपूर्ति निर्बाद्ध रूप से जारी रखने के लिए पुख्ता इंतजाम करें। आवश्यकतानुसार जनरेटर तथा यूपीएस आदि की व्यवस्था बनाएं। ईव्हीएम मार्ग में सीसीटीव्ही का कार्य जल्द पूर्ण करें। मार्ग पर विधानसभावार कलर कोडिंग करें। सभी कक्षों में आवश्यकतानुसार कम्प्यूटर, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन आदि की व्यवस्था करें।

कलेक्टर ने मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर, पार्किंग, वेलफेयर मैनेजमेंट आदि के संबंध में भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। हर कमरे में ठंडे पानी, कूलर, एक्जास्ट फेन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मतगणना स्थल के दोनों तलों पर अस्थाई अस्पताल तैयार करें जिनमें आवश्यक दवाओं के साथ चिकित्सक तैनात करें। मंडला संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभा क्षेत्रों के डाक मतपत्र तथा जिले की बिछिया, निवास एवं मंडला विधानसभा क्षेत्रों के ईव्हीएम के मतों की गणना 4 जून 2024 को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मंडला में की जाएगी।

## ओव्हर लोड, अवैध परिवहन एवं अवैध उत्खनन करते 3 वाहन जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा कलेक्टर मण्डला के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत रूप से कार्यवाहियां की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में खनिज विभाग द्वारा खनिज रेत एवं गिट्टी के तीन वाहनों डम्फर क्रमांक एमपी 20 एचबी 4992, वाहन 709 क्रमांक एमपी 51 जी 1055 एवं वाहन टेक्टर क्रमांक एमपी 51 जेडए 6478 को ओव्हर लोड, अवैध परिवहन एवं अवैध उत्खनन करते हुये जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना महाराजपुर, चौकी टाटरी एवं थाना बम्हनी की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहनों के विरूद्ध म०प्र० खनिज नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया गया है।



**समापन** | **चित्रकला, कथक नृत्य और गायन का बच्चो ने लिया प्रशिक्षण।**

# समापन पर प्रशिक्षित बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

*** चीफ मैनेजर एसबीआई रहे मुख्य अतिथि।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



गायन और नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

गुरुवार को स्थानीय रज़ा कला वीथिका में रज़ा फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित चौथे ग्रीष्मकालीन निःशुल्क रज़ा शिविर का समापन हुआ। इस शिविर में चित्रकला, कथक नृत्य और गायन में बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। समापन की शाम भारतीय शास्त्रीय कार्यक्रम की शुरुआत हिमांशु चंद्रोल ने गुरु वंदना से की। गुरु वंदना के बाद 10 थाटों, ताल का संक्षिप्त परिचय बच्चों द्वारा दिया गया। थाट बिलावल में अलंकार प्रस्तुत किया गया। राग यमन में आरोही, अवरोह एवं तीन ताल में सरगम गीत और छोटा ख्याल प्रस्तुत किया गया जिसमे तबले में प्रिंस कछवाहा और हारमोनियम में आकाश यादव ने संगत दी। अच्युतम केशवम की प्रस्तुति भव्या मिश्रा ने दी। पंकज मरकाम ने राग यमन में छोटा ख्याल, ईशा बर्वे ने भजन, हिमांशु चंद्रोल ने राग यमन में छोटा ख्याल, आकाश यादव ने भजन, सोनम झारिया एवं कंचन झारिया - राग भूपाली में छोटा ख्याल की बेहतरीन प्रस्तुति दी। आस्था वर्मा ने राग आसावरी में छोटा ख्याल की प्रस्तुति दी जिस पर तबले में अवनि वर्मा ने शानदार संगत दे कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सामूहिक गीत राम आयेंगे ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। शास्त्रीय गीत के बाद कथक नृत्य की प्रस्तुति हुई। इसकी भी शुरुआत गुरु वंदना से हुई। फिर ग्रुप द्वारा सेमी क्लासिकल ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया। मोहे रंग दो लाल गीत पर हुई समुचित प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब पसंद किया।



उलेखनीय है कि शिविर के दौरान इन बच्चों को जिले के वरिष्ठ कलाकार जगदीश कछवाहा ने गायन, प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना रानू चंद्रौल ने कथक और मंडला के स्थापित चित्रकार अशोक सोनवानी व प्रवीण सैयाम ने चित्रकला का प्रशिक्षण प्रदान किया है। शिविर में चित्रकला का प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों के चित्रों का प्रदर्शन भी रज़ा कला वीथिका में किया गया। इस कार्यक्रम में मुकेश सोनी चीफ मैनेजर एसबीआई मंडला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कपिल तिवारी सी ई ओ एवं प्रभारी अधिकारी पर्यटन विभाग ने की। रज़ा फाउंडेशन के सदस्य सचिव संजीव चौबे ने इस शिविर के सफल संचालन में सहयोग के लिए जिला प्रशासन, जिला पंचायत, पत्रकारगण, इनर वॉइस सोसाइटी और शिविर में प्रशिक्षण ले रहे बच्चों व उनके अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस दौरान किशोर काल्पीवार, गीता काल्पीवार, राजेश छत्री, राजेंद्र शर्मा, मुकेश जैन, राज बहादुर सिंह, अनिल भोयर, चारु शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित थे।

## विश्व विद्यालय के उपकुलाधिपति का मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के उपकुलाधिपति वीरेश्वर सिंह का जन्मदिन सरदार पटेल कॉलेज बड़ी खैरी मण्डला में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों के द्वारा उनका पुष्पमाला से स्वागत किया गया। श्री सिंह ने कहा कि जन्मदिन आते और जाते रहते हैं लेकिन इंसान की असली पहचान बुरे समय पर होती है। जब हम परेशान होते हैं या किसी मुसीबत में होते है तो हमे अपनो की खास जरूरत होती है और उस समय जो अपने साथ खड़ा रहता है वहीं सच्चा हितेषी कहलाता है। उन्होंने कहा कि जन्मदिन का यह अवसर हमेशा यादगार रहेगा यहां पर संचालक आशीष ज्योतिषी ने उनका तिलक बंदन करते हुए पुष्पगुच्छ भेंट किया। तो वहीं पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने उन्हें शॉल श्रीफल से सम्मानित करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर फोटोग्राफर नीतेश पटैल, सामाजिक कार्यकर्ता कपिल मोदी ने भी वीरेश्वर सिंह का स्वागत किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी आशीष ज्योतिषी, वाइस प्रिंसिपल-नम्रता चौरसिया, प्रतियोगिता प्रभारी-वैशाली लांजेवार, प्रवीण सिंगरहा, विवेक सिंह ठाकुर, विजयश्री ठाकुर, नेहा चंदेले, काजल जाटव, सपना बिसेन, नेहा ठाकरे, मुस्कान कांस्कार, ललिता पटेल, नीरज पटेल, हेमंत पटेल, संदीप सिंधिया, बबलू कछवाहा, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## अलग अलग जगहों से अनेक जुआरी आये पुलिस की गिरफ्त में

**गाडरवारा।** जुआ के अवैध कारोबार पर कार्यवाही करने के लिये बीते हुये दिवस पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की नगर के छिडाव घाट के पास कुछ लोग जुंआ खेल रही है। इसी के चलते पुलिस द्वारा मौके पर छापा मारते हुये उमेश उर्फ बाबी पिता सुदद् कहार निवासी माता वार्ड, सागर पिता सुददू कहर व दयाचंद पिता घनश्याम छीपा निवासी नरसिंह वार्ड को ताश पत्तो पर हार जीत का दांव लगाते हुये पकड़कर आरोपियों के पास स ताश पत्ता सहित नगदी 670 रूपया जप्त किये। इसी प्रकार से नगर के नदी मुहल्ला में कमलेश उर्प टीकाराम पिता अमोल सेन, रामजी पिता राम रत्न सेन, धमेन्द्र पिता मोहन लाल श्रीवास को भी जुआ खेलते हुये पकड़कर इनके पास से ताश पत्ता सहित नगदी 360 रूपया तथा नगर के कब्रिस्तान के पास से शेख शादिक िता शेख शहजाद निासी विवेकानंद वार्ड, सलीम पिता हबीब खान निवासी महाकाल चौराहा, संतोष पिता भूरे लाल कुशवाहा निवासी दक्ष स्कूल के पास, राजेश पिता गिरीश अवस्थी निवासीी जगदीश वार्ड के पास से भी ताश पत्ता व नगदी 580 रूपया तथा समीपस्थ ग्राम आमगांव तलैया के पास वही के निवासी पन्ना लाल पिता बाबू लाल लोधी, ब्रजेश पिता रूपराम वर्मा, रिंकू पिता जमना प्रसाद वर्मा को भी जुआ खेलते हुये पकड़कर इनके पास से ताश पत्ता सहित नगदी 480 रूपया जप्त करते हुये धारा 13 जुंआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## सट्टा पट्टी के साथ गिरफ्तार

**गाडरवारा।** पुलिस द्वारा सटोरियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा वही के मेन बाजार में ग्राम मरका निवासी नरेश पिता विजय पटैल को अवैध रूप से सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 330 रूपया जप्त किये, इसी प्रकार ग्राम गरहा में वहीके विासी जिय पिता गोकल प्रसाद बसेड़िया के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 260 रूपया जप्त करते हुये धारा 4 क जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## ढाबा पर शराब परोसने की बात पर मामला दर्ज

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा रात के समय गस्त करते हुये देखा गया कि शहर के पी.जी. कालेज के सामने स्ट्रीट हाईबे ढाबा मे कुछ लोग खाना खा रहे थें। वही पुलिस द्वारा इन लोगों तथा ढाबा संचाल को शांति बनाये रखने के लिये हिदायत दी गयी और ढाबा के दूसरे तरफ सार्वजनिक स्थल पर 2 व्यक्ति शराब पिये हुये थे जो ढाबा संचालक से उसका नाम पता पूछा तो ढाबा संचालक ने अपना नाम अन्नू उर्फ अनिल रजक पिता स्व. हरगोविन्द रजक उम्र 43 साल निवासी भगत सिह वार्ड नदी मोहल्ला का होना बताया गया। वही ढाबा संचालक से ढाबा सार्वजनिक स्थल पर शराब पिलाने के संबंध मे बैद्य कागजात व लायसेंस मांगा गया इस तरह ढ़ाबा पर नियम विरूद्व शराब परोसने को लेकर पुलिस ने मौके से बीयर की दो खाली बोतल सहित अन्य सामग्री जप्त करते हुये आरोपी ढाबा संचालक अन्नू उर्फ अनिल रजक के खिलापफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## त्रिवेदी का निधन

**गाडरवारा।** नगर की त्रिवेदी कालोनी निवासी तथा हर्ष इले. के संचालक व अनिल, अरविंद त्रिवेदी के भाई संदीप त्रिवेदी का बीते हुये दिवस बीमारी के चलते निधन हो गया। वह लगभग 58 वर्ष के थें। अल्पआयु में त्रिवेदी के निधन होने की खबर से नर में शोक का महौल देखने मिला। वही लोगो ने उन्हें अपने श्रद्वा सुमन अर्पित किये।

## जप्त की गई अवैध शराब

**गाडरवारा।** शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस द्वारा चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के चलते बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा समीपस्थ ग्राम पुरगंवा बस स्टेन्ड के पास सुखराम पिता नेपाल सिंह जाअव उम्र 40 निवासी सिहोरा को 14 पास शराब के साथ पकड़ते हुये आरोपी के पास से शराब जप्त की गई।

### तम्बाखू निषेध दिवस पर न तो प्रशासन द्वारा और न ही किसी समाजसेवी संस्थाओं द्वारा दिया युवाओं के लिए नशा मुक्ति पर कोई संदेश...

# सिगरेट का धुआं व मादक पदार्थों का बाजार छीन रहा युवाओं के जीवन का सुनहरा भविष्य

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि प्रशासन से लेकर समाज सेवी संस्थाओं सहित एनजीओ द्वारा नशा मुक्ति के नाम पर आये दिन युवाओं को नशा से दूर रहने के लिये अनेक प्रकार के संदेश देते हुये देखा जाता है। मगर वह आयोजन सिर्फ अखबारों की सुर्खियों में छाने के आलवा और कुछ साबित होने से नही चूक पाते है। क्योंकि जिस प्रकार से देखा गया कि कल 31 मई शुक्रवार को जहां अंतर्राष्टीय तम्बाखू व धूम्रपान निषेध दिवस होने के बाबजूद भी शासकीय कार्यालयों से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर धडल्ले से धूर्मपान करते हुए लोग नजर आ रहे थें। जबकि इस बात को सभी लोग जानते है कि जहां सार्वजनिक स्थलें पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है। मगर इसके बाद भी इस आदेश का शायद ही कही पालन होते हुये देखा जा रहा हो? जबकि लोगों का उम्मीद थी कि शायद प्रशासन द्वारा बीते हुये वर्षो में जिस तरह महामारी का मंजर देखे जाने बाद इस बात से भी लोगों को सचेत किया जावेगा कि धूम्रपान से कैंसर जैसी घातक बीमारी फैलाने वाली सिगरेट, जर्दे, तम्बाखु युक्त गुटकों, बिड़यि का सेवन करना सेहत की दृष्टि से ठीक नही है। मगर इस दिवस नगर में मात्र प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्था के आलवा



प्रशासन की ओर से कोई पहल करना भी उचित नही समझा गया जिसका परिणाम है कि अब इस प्रकार का नशा जहां युवाओं के लिये फैसन बनते हुये चला जा रहा है। क्योंकि क्षेत्र के गांवो में तो सिर्फ बीड़ी फूॅकने, हथेली में जर्दा मल कर फॉकने का चलन है। किंतु शहर के अधिकतर युवाओं के लिए सड़कों, स्टेशन, सार्वजानिक स्थानों पर सिगरेट से धुयें के छल्ले उड़ाकर वातावरण को प्रदूषित करना आम बात बन चुकी है। हालत यह है कि सिगरेटो के साथ तम्बाकू युक्त गुटकों का सेवन करने की प्रवृत्ति के कारण युवाओं के चेहरों की चमक दमक गायब हो रही है और महॅगी सिगरेटो का धुऑ निरंतर युवाओं का सुनहरा भविष्य छीन रहा है जो जुये, सट्टे, कैसीनो, होटल बाजी काफी हद तक प्रेम की हिलोर की गिरप्त में आये युवा यह सोचने में असमर्थ हो गए है कि सिगरेट पीने के शौक से किस तरह पीछा छुड़ाया जाए। यह बात नहीं है कि सिगरेट का जादू केवल युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है बल्कि हकीकत यह है कि शहर के शासकीय विभागों के कार्यालयों से लेकर नगर के अनेक बैंक शाखाओं, स्टेशन, बस स्टेण्ड, बाजार में भी सावन के बादलो की तरह सिगरेट के धुयें के छल्ले हवा में उड़तें दिखायी दे रहे है और नगर में बढ़ती जा रही पान की दुकानें इस बात की गवाही दे रही है कि स्वास्थ की दुश्मन सिगरेट, बीड़ी पीने का चलन रूक नही रहा है तथा लोग तम्बाखू युक्त चीजो से जानित बीमारियों के शिकार होकर अपने खून पसीने की कमाई डाक्टरो को भेट करने





मजबूर हो रहे है। इस संबंध में शहर के अनेक पान विक्रेताओं ने बताया कि वर्तमान में एक से एक बढ़कर सिगरेटें बाजार में आ गयी है। साधारण मानी जाने वाली सिगरेट जहां 8 रू. में एक बिक रही है। वही खूब सूरत पैकिटों में रखी सिगरेट के दाम काफी ऊॅचे है, जिसके चलते सिगरेट के लुभावने पैकिटों की रेंज शोकेसों में सजाना उनकी विवशता हो गयी है। वही दूसरी ओर शहरों के साथ गांव गांव अवैध रूप से बिक रही शराब के साथ साथ स्मैक, गांजा सहित अन्य प्रकार के मादक पदार्थो के अवैध कारोबार की चपेट में युवा व किशोर के साथ साथ अब लड़िकयों भी आने से नही बच पा रहे है और इसी का परिणाम है कि शराब के जाम छलकाने के दौरान युवा जहां बेहतरीन सिगरेट पीना पसंद करने लगे है। यदि लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के फैशन के कारण शहर में प्रतिदिन जमकर गुटकों, बिडी, सिगरेट का कारोबार हो रहा है और नगर का माहौल सिगरेट, बिडी के धुयें के विषाक्त असर से विकृत करने से नही चूक रहा है। बीते हुये कल यानि की 31 मई दिन बुधवार को अंतर्राष्टीय धूम्रपान निषेध दिवस पर देखा गया कि जहां अनेक युवा इस प्रकार से धूम्रपान की गिरप्त में फंसे हुए देखे गये। मगर धन्य है प्रशासन जिसने इस अंतर्राष्टीय धूम्रपान दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक करने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रशासन द्वारा इन युवाओं की जिन्दगी को बचाने के लिये कोई पहल की गई हो...? जबकि अक्सर देखा जाता है कि प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति को लेकर जहां प्रतिवर्ष हजारों रूपया खर्च करते हुए देखा जाता है। मगर इस दिवस पर प्रशासन की उदासीनता का खुला प्रमाध देखने मिलने से नही चूक पाया है। जबकि गौर किया जावे तो नगर में नशा मुक्ति के नाम पर एनजीओं तक संचालित हो रहे है जो आये दिन नशा मुक्ति के नाम पर अनेक प्रकार के आयोजन करते हुए आमजन की नजरों में वाही वाही लूटते हुए लोगों को नशा मुक्त करने के नाम पर शासन से पैसा हथियाने से नही चूकते है? मगर इस दिवस किसी के द्वारा भी युवाओं के लगातार फंस रहे नशें से मुक्त दिलाने के लिये कोई पहल करने का प्रयास किया गया हो। क्योंकि नशे की गिरप्त में फसा हुआ व्यक्ति अपने आप को तो बीमारी से बचाने में सफल नही होता है साथ ही साथ नशे की गिरप्त में फंसे व्यक्ति का पूरा परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच जाता है? जब उसे अपनी लत पूरी करने के लिए पैसो की व्यवस्था नही होती है तो वह अपने परिजनों के साथ मारपीट करते हुए पैसा छीनने से भी नही चूकता है और घर की जरूरी सामग्री को बेचते हुए अपनी लत को पूरा करता है जिसके चलते इस प्रकार से लोगें में लगातार बढ़ रही नशे की लत के चलते अनेक परिवार विखरते हुए देखे जा रहे है।

## ग्रीष्मकालीन आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद रहे बसेडिया



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सरकार की बच्चों को सर्वगुण संपन्न कराने की सोच के चलते निःशुल्क बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में आयोजित शिविर का बीते हुये दिवस समापन अनूप शर्मा प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की अध्यक्षता व मुकेश बसेड़िया युवा समाजसेवी माँ विजयासन समूह के मुख्यातिथ्य तथा पवन राय समन्वयक, खेल युवा कल्याण विभाग ब्लॉक साईखेड़ा तथा वरिष्ठ कराते शिक्षक मोहम्मद अवरेश कुरैशी, गोविंद नेमा एलआईसी, अभिषेक ढिमोले, उत्तम सिंह शिक्षक, दीपक गुप्ता प्रधान पाठक, पलोहाबड़ा, इंद्रजीत ताराम शिक्षक, आदित्य द्विवेदी खेल शिक्षक साईंखेड़ा, देवेन्द्र कौरव, पंकज गंगवानी, अभिषेक जैन, हर्षित महाराज, जम्मन महाराज, संजय मटुल्य की मौजूदगी में हुआ। बताया जाता है कि इस दौरान वीरांगना अकादमी के संचालक और शिविर प्रभारी अमर मेहरा द्वारा प्रशिक्षित प्राप्त बच्चों ने विभिन्न कराते विधाओं का प्रदर्शन किया।उपरोक्त प्रशिक्षण 1 मई 2024 से 31 मई 2024 तक चला। वही कार्यक्रम को अतिथियों ने सम्बोधित किया और जीवन मे खेल की महत्ता को समझाया।आयोजन में आकाश कौरव वारिस क्लब गाडरवारा, रॉबिन सिंह ठाकुर खेल शिक्षक एनपीएस, आदित्य द्विवेदी खेल शिक्षक सीएम राइस साईंखेड़ा को सम्मानित किया गया साथ ही खेल शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों माही कहार, खुशबू साहू, फरहद खान, ओमी पटवा, रुचि जाटव और महक पटवा को माँ विजयासन परिवार के डायरेक्टर मुकेश बसेडिया द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही सभी प्रतिभागियों को खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गए।

# समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द की खरीदी के लिए किसान पंजीयन 5 जून तक

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अनुसार वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024- 25) में प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत ई- उपार्जन पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के गेहूं के ई-उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन का कार्य 20 मई से 05 जून 2024 तक किया जायेगा। जिला उपार्जन समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार जिले के किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उत्पादित ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द के पंजीयन का कार्य करने के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया है। इस सिलसिले में गाडरवारा तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था इमझिरी हेतु समिति परिसर इमझिरी, सेवा सहकारी संस्था मंहगुवा हेतु समिति परिसर मंहगुवा, सेवा सहकारी संस्था आडेग़ांव हेतु समिति परिसर आडेग़ांव, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था गोटीटोरिया हेतु समिति परिसर चारगांव, सेवा सहकारी संस्था चीचली हेतु समिति परिसर चीचली, सेवा सहकारी संस्था सीरेगांव हेतु समिति परिसर सीरेगांव, सेवा सहकारी संस्था पचामा हेतु समिति परिसर पचामा, वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था करपगांव हेतु समिति परिसर करपगांव, प्राथमिक सहकारी समिति मर्या. बोहानी हेतु समिति परिसर बोहानी, सेवा सहकारी संस्था कौंड़यिा हेतु समिति परिसर कौंड़यिा, सेवा सहकारी समिति सहावन हेतु समिति परिसर सहावन, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सूरना हेतु समिति परिसर सूरना, सहकारी विपणन संस्था मर्यादित खुलरी हेतु समिति परिसर खुलरी, सहकारी विपणन संस्था मर्या. गाडरवारा हेतु समिति परिसर गाडरवारा, सहकारी विपणन संस्था मर्या. चीचली हेतु समिति परिसर चीचली, सेवा सहकारी संस्था गाडरवारा हेतु समिति परिसर गाडरवारा व वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था चिर्रिया हेतु समिति परिसर चिर्रिया को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था रमपुरा हेतु समिति परिसर रमपुरा, सेवा सहकारी संस्था बनवारी हेतु समिति परिसर बनवारी, सेवा सहकारी संस्था तूमड़ा हेतु समिति परिसर तूमड़ा एवं सेवा सहकारी समिति मड़गुला हेतु समिति परिसर मडगुला को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। जारी आदेश के अनुसार ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द उपार्जन हेतु शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप किसान पंजीयन का कार्य करेंगी तथा किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर आवश्यक व्यवस्थायें किया जाना सुनिश्चित करेंगी।



# ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरे पड़े शौचालय मूक पशुओं के लिये बजा रहे मौत की घंटी

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** देश को स्वच्छ व स्वास्थ्य बनाने की सोच के चलते सरकार द्वारा शुरू की गई स्वच्छता की मुहिम के चलते जिस प्रकार से कुछ साल पहले जिस प्रकार से जिले से लेकर ब्लाक स्तर पर बैठे हुए अधिकारियों द्वारा अपनी वाही वाही लूटने के लिए जिले को बाह्र शौच घोषित मुक्त कराये जाने की जो रामलीला की गई थी, उसको लेकर स्थानीय अखबारों द्वारा लगातार इस बात को उजागर किया जा रहा था कि जब लोगों के घरों में अभी तक शौचालयों का निर्माण हुआ ही नही है तो फिर आखिर में जिला बाह्शौच मुक्त घोषित कर कैसे दिया? मगर इस बात को लेकर न तो उस समय जिले के नेताओं द्वारा ध्यान दिया गया और न ही विपक्ष में बैठी हुई राजनीतिक पार्टीयों द्वारा जिसका परिणाम यह हुआ कि जिला स्तर पर बैठे हुए अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से अपनी वाही वाही लूटने के लिए संपूर्ण जिले को इस प्रकार से कुछ साल पहले प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा बाह्शौच मुक्त घोषित कराते हुए सम्मान पाया गया था। वह सिर्फ चर्चा का विषय ही नही बल्कि उस समय विपक्ष में बैठी हुई पार्टियों की उदासीनता को भी उजागर करते हुए जान पड़



रहा था? क्योंकि जहां प्रशासन द्वारा लोगों के घरों में शौचालयों का निर्माण किया गया है उनकी गुणवत्ता शौचालयों के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की कहानी स्वयं बताते हुए दिखाई दे रहे है जो आज तक पूरे नही हो पाये है और वह सरकार ही बदल चुकी तथा जिले को वाहशौचमुक्त घोषित करने में अपनी वाही वाही लूटने वाले अधिकारी भी यहां से बिदा ले चुके है? वही दूसरी यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से कुछ साल पहले फर्जी तरीके से घोषित हुए ओडीएफ जिले की सच्चाई देखी जावे तो शहर से लेकर गांवों में आज भी स्पष्ट दिखाई पड़ रही है जहां पर अनेक लोगों के घरों में आज तक शौचालयों का निर्माण नही होने के कारण वह लोग खुले मैदानों का उपयोग करते हुए देखे जा रहे है और अनेक लोगों के घरों म शौचालयों का निर्माण आज भी अंधूरा पड़ा हुआ है जिसके चलते शौचालयों के निर्माण हेतु खोदे गये गड्ढे मूक पशुओं के साथ साथ आम लोगों की जिन्दगी के लिए खुलेआम खतरे की घंटी बजाते हुए दिखाई पड़ रहे है? इस प्रकार से अंधूर पड़े हुये शौचालय की सच्चाई आये दिन शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में देखने मिलने से नही चूक रही है जब इन अंधूरे शौचालयों के गड्ढो में मूक पशु गिरने से उनकी जान खतरे में पड़ते हुये देखी जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते वर्ष भी उस समय देखने मिल चुकी थी जब क्षेत्र में अनेक जगहों पर इस प्रकार से अधूरे पड़े हुये शौचालयों के गड्ढो में मूक पशु गिरने से उनकी मौत तक हो चुकी है, मगर इस ओर शासन प्रशासन द्वारा शायद ध्यान इसलिय नही दिया जा रहा है क्योंकि शासन के रिकार्ड में शौचालय तो पूर्ण हो चुके है तभी तो जिला ओडीएफ घोषित हुआ होगा।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी द्वारा दिया नशामुक्ति का संदेश

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस यानि तंबखू निषेध दिवस के मौके पर स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय द्वारा नगर के मेन चौराहा झंडा चौक पर तंबाकू मुक्ति दिवस पर लोगों को नशे से मुक्ति दिलाने के लिए नशा मुक्ति, चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप जलाकर किया गया। बताया जाता है कि चित्र प्रदर्शनी के उद्घाटन में कौरव समाज से अध्यक्ष पवन राव सिंह एवं मुसलमान भाई बोहरा सहित बी के अंजना दीदी, बी के अनुपमा दीदी एवं बीके फुलवर भाई ,देवेंद्र, गोविन्द भाई, शिवदयाल, शिव प्रसाद भाई, रमेश एवं राजेश भाई मौजूद थें। इस दौरान लोगों को नशा से दूर रहने का संदेश देते हुये अगवत कराया कि नशा के आदी होने से लोगों की जिन्दगी किस तरह खराब होती है।



# यमदूत बन अनियंत्रित गति से दौड़ रहे सिंगल लाईट वाले वाहनों की मनमानी पर अंकुश नहीं..

**हरिभूमि न्यूज/ मनकवारा।** दुर्घटना से देर भली यह नारा यातायात व्यवस्था सुचारू रखने वाली पुलिस हमेशा दोहराती रहती है, किन्तु विडम्बना की बात है कि उसकी तरफ से सड़कों पर अनियंत्रित गति व तेज लाईट सहित काने यानि की दो लाईट होने पर एक लाईट जलने वाले वाहन चलाने पर रोक नही लगायी जाती है, जिसकी जीती जागती मिसाल इन दिनों क्षेत्र की सड़को पर देखने को मिल रही है, जहां पर वर्तमान में ग्राम की सड़कों पर दो पाहिया, चार पाहिया वाहन ट्रक व ट्रेक्टर यमदूत बनकर फर्राटे से तेज गति में दौड़ते नजर आ रहे है,हालत यह है कि दोपाहिया वाहन चालक, राहगीर काने वाहनो को टू व्हीलर वाहन समझने की भूल कर बैठते है और जब उन्हे सच पता चलता है तो खैरियत से घर पहुँचने की ईश्वर से प्रार्थना करने लगते है, बताया जाता है कि पुलिस के सामने से भी काने वाहनो के गुजरनें का सिलसिला चलता रहता है पर पुलिस वाहन चालको पर कार्यवाही करने की जगह हरी झंडी दे देती है,जिसका नतीजा है कि ग्राम में सड़क दुर्घटनाओं का अंदेशा लगातार बढ़ता जा रहा है,यातायात व्यवस्था में बाधक साबित हो रहे फर्राटे से दौड़ते वाहनों के सम्बंध में हरिभूमि टीम से क्षेत्रवासियों ने चर्चा के दौरान बताया गया कि इस समय जिस प्रकार से युवाओं को अपने वाहनों में तेज लाईट वाली एलईडी सहित अन्य प्रकार के लाईट लगावाकर वाहन चलाये जा रहे है वह प्रमुख रूप से दुर्घटना का कारण बनने से नही चूक रहे है, वही देखा जा रहा है



कि गांवो की सड़को पर बिना बैक लाईट वाले वाहनो का दौड़ाया जाना खतरनाक है, क्योंकि सकरे मार्गो पर जब अनियंत्रित गाति वाले वाहन चलते है तो लोंगो का दिल दहल जाता है, पुलिस को जनहित में सड़को पर काने वाहनो के दौड़ाने पर पाबंदी लगानी चाहिए, ग्रामीणों के अनुसार रात में सिंगल लाईट वाले चार पाहिया वाहनों का सड़को पर दौड़ना उचित नही है, इन वाहनो से कभी भी सड़क हादसा हो सकता है, इस प्रकार से वाहनो की धमाचौकड़ी पर पुलिस को शीघ्र प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्षेत्र के लोगों के मुताबिक हमारे मकान मुख्य सड़क के किनारे बने हुए है, जहां छोटे बच्चे हमेशा खेलते है,बच्चो की ना समझी और निरंकुश वाहन चालको की जुर्रत से कभी भी दुर्घटना हो सकती है, वही क्षेत्र लोगों का कहना है कि शाम के समय अंधेरा होने से शाम के समय सड़को पर घूमने जाने वाले ग्रामवासी घर लौटते समय चार पाहिया वाहनो की सिंगल लाईट के कारण दोपाहिया वाहन समझ बैठते है और उन्हे बाल बाल बाचते हुए घर लौटने मजबूर होना पड़ता है, लोगों का कहना है कि आर टी ओ एवं पुलिस विभाग को मिलकर काने वाहन चालको के खिलाफ अभियान छेड़ना जरूरी हो गया है अन्यथा कभी भी ग्राम में बड़ी सड़क दुर्घटना घटित होना सम्भावित है, अक्सर देखा जाता है कि वाहन चालको को पुलिस का खौफ नहीं रह गया है,इसी का कारण है कि सड़को पर काने वाहन बेरोकटोक दौड़ रहे है, पुलिस द्वारा यादि यातायात व्यवस्था में सुधार अभी नहीं किया गया तो आशंका है कि आने वाले बारिश के मौसम में अनचाही सड़क दुर्घटनाएॅ हो सकती है।

खबर संक्षेप

## अग्नि सुरक्षा के प्रति कार्यालय प्रमुख उदासीन

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** इस भीषण गर्मी में अग्नि दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। परंतु जनपद पंचायत स्तर के सभी प्रमुख कार्यालयों में अग्नि से सुरक्षा के लिए सभी विभागीय अधिकारी अभी तक किसी प्रकार के साधन उपलब्ध नहीं मिल सका हैं। जोकि भारी लापरवाही का घोतक हैं। जबकि हमारी टीम द्वारा अधिकांश कार्यालय, अस्पताल, छात्रावास एवं आश्रम का भ्रमण कर जायजा लिया गया। परंतु किसी भी संस्थानों में छोटे 5 या 10 लीटर की अग्नि शमन यंत्र देखने मिले और ना ही रेत पानी से भरी बाल्टी ही दिखाई दिए। लापरवाही की हद और बता दें कि लोकेश नारनौरे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जो जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ हैं। उन्होंने यह कह दिया कि इतनी जगह देखा परंतु यह सब कहीं देखने नहीं मिला तो यहां भी नहीं हैं। इसी तरह व्ही के चिचाम विकासखंड शिक्षा अधिकारी जो जनपद शिक्षा केन्द्र में पदस्थ हैं। उनका कहना हैं कि वह सभी स्कूल, छात्रावास एवं आश्रमों के अधीक्षकों से जानकारी लेकर सूचित करने की बात कही गई। जबकि उनके स्वयं के कार्यालय में कोई प्रबंध नहीं हैं। वहीं दूसरे दिन तक उनके द्वारा कोई सूचना दी जा सकी हैं। स्कूल, छात्रावास, एवं आश्रमों में अग्नि से सुरक्षा के प्रबंध न होना देश की भविष्य कहे जाने वाले छात्रों के जीवन से खिलवाड़ करना ही कहा जा सकता हैं। जबकि शासकीय नियमानुसार सभी शासकीय कार्यालयों में आवश्यक रूप से अग्नि सुरक्षा के प्रबंध होना अत्यंत जरूरी हैं। जिसे सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी हल्के में ले रहे हैं। जिसका खामियाजा भविष्य में आम जनता को भुगतना पड़ सकता हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन का बदला समय

**अनूपपुर।** प्रचंड गर्मी और लू के प्रकोप के कारण बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनूपपुर जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने आदेश जारी करते हुए बताया कि 30 जून तक आंगनबाड़ी केंद्र अब सुबह 7 बजे से 9:30 बजे तक संचालित होंगे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए काम का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। इस अवधि के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों को सुबह का नाश्ता केंद्र पर ही प्रदान किया जाएगा और भोजन के लिए टेक होम राशन की व्यवस्था की जाएगी। कार्यकर्ता और सहायिका 9:30 बजे के बाद केंद्र का रिकॉर्ड संधारण और गृहभेंट आदि कार्य संपादित करेंगी। हरिभूमि ने प्रमुखता से बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रही समस्याओं पर प्रकाश डाला था रिपोर्ट में बताया गया था कि केंद्रों में पर्याप्त वेंटिलेशन और ठंडक के साधनों की कमी के कारण बच्चों की हालत बिगड़ रही थी।

## जिले में नदियों के रेत उत्खनन पर प्रभावी कार्यवाही के लिए दल गठित

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिले में नदियों में रेत उत्खनन पर प्रभावी कार्यवाही हेतु 28 मई से 15 जून तक अभियान चलाकर इन स्ट्रीम माइनिंग पर प्रभावी रोक, जितनी मात्रा की ईटीपी जारी की गई है उससे अधिक परिवहन ना हो तथा स्वीकृत खनन क्षेत्र से बाहर खनन न हो के संबंध में 15 जून 2024 तक अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही हेतु दल गठित किया है। गठित दल में कलेक्टर ने उपखंड अनूपपुर में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनूपपुर, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनूपपुर, खनिज निरीक्षक वृत्त अनूपपुर एवं खनिज सर्वेयर अनूपपुर, उपखंड कोतमा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोतमा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोतमा, खनिज निरीक्षक वृत्त कोतमा एवं खनिज सर्वेयर अनूपपुर एवं उपखंड जैतहरी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जैतहरी, अपने-अपने उपखंड में अभियान चलाकर उल्लंघन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए की गई कार्यवाही का व्यापक प्रचार प्रसार करें। साथ ही की गई कार्यवाही का साप्ताहिक पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# सीसी सड़क बनते ही उखड़ने लगी, मजदूरी भुगतान नहीं

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत मनोरी का पोषण ग्राम उसरीघुंडी जोकि पूरी जनपद क्षेत्र का अति पिछड़ा गांव माना जाता हैं।

जो गांव मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर हैं। जहां ग्राम पंचायत द्वारा 15 वें वित्त की राशि से एक सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण से विकास की शुरुआत की गई। वह भी औपचारिकता के रूप में जो सड़क 30 से 40 मीटर के लगभग निर्माण किया गया हैं। जोकि अभी से ही उखाड़ना प्रारंभ हो गया हैं। जिस सड़क निर्माण का समाचार लिखे जाने तक मजदूरी भुगतान नहीं किया जा सका हैं।



यहां तक कि उक्त सड़क निर्माण का मस्टरोल भी नहीं बना हैं, तो मजदूरी भुगतान का प्रश्न ही नहीं उठाता। फिर भी जनपद में बैठे तकनीकी अधिकारी एवं नियंत्रण अधिकारी अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करने में अक्षम दिखाई दे



रहे हैं। या फिर जानकर अनजान बने बैठे हैं। यह एक ग्राम पंचायत ही नहीं पूरे जनपद क्षेत्र में चाहे वह चेक डैम हो, पुलिया निर्माण हो या अन्य कोई भी निर्माण ही क्यों ना हो। सभी जगह मनमानी पूर्वक कार्य चल रहा हैं। जोकि जनहित या शासनहित में न होकर स्वयं हित में कार्य हो रहे हैं। सीसी सड़क उसरीघुंडी में ग्रामीणों का आरोप हैं कि जंगल में कंटूर ट्रेंच के मजदूरों से सड़क में काम कराया गया हैं। हकीकत तो तब सामने आया जब मजदूरी भुगतान उपरांत मस्टर रोल की छाया प्रति ली जाएगी।

### -इनका कहना हैं

मजदूरों से खाता नंबर एवं आधार कार्ड लिए जा रहे हैं, मिलने पर ही मजदूरों के खाते में राशि डाली जाएगी।

**-याकूब खान, ग्राम पंचायत सचिव**

## जी आर टी सी कंपनी काटीगहन प्लांट में कर रहे उत्खनन, विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता से अवैध उत्खनन



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** सुसाधन और तरक्की के नाम पर क्षेत्र में जबलपुर से अमरकंटक तक एन एच 45 ई का कार्य किया जा रहा है। जहां पहले भी कार्य रत कंपनी के द्वारा पूरे क्षेत्र में जगह जगह अवैध रूप से खनन किया जा रहा है, और जिले के जिम्मेदार अधिकारियों की धौस देकर अवैध खनन कर कंपनी द्वारा सरकार के मानकों को ध्यान में ना रखकर जमीन खोखली करते हुए सरकार के खजाने में डाका डाल रही है। गोरखपुर से कबीर चबूतरा तक सड़क बनाने के लिए जी आर टी सी कंपनी के पार्ट 2 के द्वारा तहसील क्षेत्र बजाग अंतर्गत जनपद क्षेत्र करंजिया के काटीगहन में डामर प्लांट बनाया गया है जिसमें अनर्गल रूप से अवैध उत्खनन कर क्रेशर के लिए प्लेटफार्म बनाने और अन्य कार्यों के लिए मनमानी तौर पर ठेकेदार द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है। जानकारी अनुसार अवैध खनन करने के लिए ठेकेदार द्वारा मनमानी पूर्वक ब्लास्टिंग की जा रही है वहीं दूसरी ओर ब्लास्टिंग की परमीशन दिखाने से परहेज करते हुए कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है। जबकि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा देखरेख के आभाव में अनेक स्थानों पर लगातार अवैध खनन किया जा रहा है जिसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को दिए जाने के बाद भी किसी तरह की कार्यवाही का ना होना विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करता है।



## सारसडोली में बका चमकाते युवक को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी अन्तर्गत ग्राम सारसडोली में शुक्रवार को बाजार एरिया में बका चमकाते युवक को मेंहदवानी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह लगभग 10 बजे सारसडोली निवासी युवक माखन साहू उर्फ नाईनोंनों शराब के नशे में बका चमकाते हुए आतंक मचाया था और लोगों को डरा धमकाकर परेशान कर रहा था फिर युवक शिवकुमार साहू के होटल पहुंच गया और उसे धमकाने लगा। यह नजारा पूरा गांव देख रहा था तब इसकी सूचना पुलिस डायल 100 को दी गई। सूचना मिलते ही मेंहदवानी पुलिस मौके पर पहुंच गई और बका चमका रहे शराबी युवक को धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया।



### शहपुरा सरकारी अस्पताल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रैली निकालकर दिलाई गई शपथ

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी जिले के शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। सिविल अस्पताल में बीएमओ डॉ. परस्ते के नेतृत्व में रैली, विचार गोष्ठी और शपथ कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। इस दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम ष्बच्चों को तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना हैंष् थीम पर विचार गोष्ठी रैली और शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने तम्बाकू और तम्बाकू उत्पाद से होने वाली गम्भीर बीमारियां कैंसर, क्षय रोग आदि के बारे जानकारी दी। इस दौरान तम्बाकू नियंत्रण केंद्र ने तम्बाकू उत्पादन सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों पर जानकारी दी गई।वहीं शासकीय सार्वजनिक स्थलों के आसपास बैनर लगाकर नशा मुक्ति के संदेश और व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा के सभी अधिकारी, कर्मचारी और आम जन उपस्थित रहे।

## सूचना बोर्ड लगाए बिना जारी है सड़क निर्माण कार्य हादसे को खुला आमंत्रण

### मामला मेंहदवानी से चकदेही सड़क मार्ग का

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम जबलपुर द्वारा मध्यप्रदेश सड़क परियोजनाओं में सार्वजनिक निजी भागीदारी योजना अंतर्गत 22.75 करोड़ रुपए की लागत से मेंहदवानी से चकदेही 13 किलोमीटर सड़क मार्ग का उन्नयन एवं विकास किया जा रहा है जिसमें संबंधित ठेकेदार द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है और गुणवत्ता विहीन पुलिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पुलिया के नीचे तय मानक के अनुसार बेस नहीं डाला गया है और दर्जनों पुलिया निर्माण कर दिया गया है। अभी वर्तमान में दो स्थानों पर पुलिया निर्माण एवं एक जगह पुल निर्माण कार्य कराया जा रहा है जहां परिवर्तित मार्ग बनाया गया है जहां किसी प्रकार का सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है जिसके चलते लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

### -मेंहदवानी में पांच दिनों से खोद रखी है सड़क

संबंधित ठेकेदार द्वारा पुलिया निर्माण के लिए मुख्यालय मेंहदवानी में पुलिस थाना के पास बिना सूचना बोर्ड लगाए पांच दिन पहले सड़क खोद दिया गया है और काम बंद कर दिया गया है जो हादसे को खुला आमंत्रण दे रहा है जिसके चलते कभी भी गम्भीर हादसा हो सकता है।



**-13 किलोमीटर के निर्माण कार्य में सूचना बोर्ड कहीं नहीं:** मेंहदवानी से मरवारी चकदेही 13 किलोमीटर सड़क मार्ग पर जगह जगह पुलिया निर्माण कार्य एवं अर्थवर्क कार्य जेसीबी एवं पोकलीन मशीन से किया जा रहा है लेकिन ताज्जुब की बात है कि सड़क मार्ग निर्माण कार्य तथा परिवर्तित मार्ग की जानकारी देता सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है।

## बढ़ती गर्मी में एसी, कूलर की बढ़ी मांग





**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** डिंडोरी जिला में बढ़ती गर्मी को देखते हुए एसी और कूलर की मांग बहुत ही ज्यादा बढ़ गई हैं मांग के चलते इनके दामों में भी बहुत बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही हैं। शहर के बाजारों में इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों पर भीड़ बढ़ गई है। दुकानदारों के मुताबिक, इस साल एसी और कूलर की बिक्री पिछले साल की तुलना में 30 तक बढ़ गई है। इसके साथ ही, सुराही और मटकों की मांग भी बढ़ी है, जो गर्मी में ठंडे पानी के पारंपरिक स्रोत माने जाते हैं।

### -दुकानदारों की प्रतिक्रिया

शहपुरा नगर के एक दुकानदार ने बताया, "पिछले दो हफ्तों से ग्राहक लगातार एसी और कूलर की मांग कर रहे हैं। इस बार गर्मी ने जल्दी दस्तक दी है और तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। लोग हर संभव उपाय कर रहे हैं ताकि घर में ठंडक बनी रहे।"

### -ग्राहकों की प्राथमिकता

ग्राहक भी अपनी जरूरतों के मुताबिक खरीदारी कर रहे हैं। शारदा चैक की रहने वाली राधा बाई ने कहा, "गर्मी इतनी बढ़ गई है कि बिना एसी और कूलर के रहना मुश्किल हो गया है। इसलिए हमने इस बार एक नया एसी खरीदने का फैसला किया।"

### -सुराही और मटकों की भी बढ़ी मांग

सिर्फ एसी और कूलर ही नहीं, बल्कि सुराही और मटकों की बिक्री में भी वृद्धि देखी गई है। पुराने डिंडोरी के एक मटका विक्रेता, सौरभ ने बताया, "गर्मी के मौसम में मटकों और सुराही की मांग में हमेशा से बढ़ोतरी होती है। इस साल भी लोग बड़ी संख्या में इन्हें खरीद रहे हैं, क्योंकि मटके का पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा होता है।"

### शहपुरा में गर्मी का प्रकोप जारी, आग लगने का सिलसिला भी बरकरार

मौसम विभाग ने आने वाले हफ्तों में और अधिक गर्मी की संभावना जताई है, जिससे एसी, कूलर, सुराही और मटकों की मांग में और बढ़ोतरी की उम्मीद है। लोगों को सलाह दी जा रही है कि वे गर्मी से बचने के लिए पर्याप्त पानी पिएं और धूप से बचाव के लिए सावधानी बरतें।

## सेवानिवृत्त पर फूल माला पहनाकर और शाल-श्रीफल भेंट कर दी गई विदाई

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ बार्ड बॉय सुमंत झारिया 31 मई को सेवानिवृत होने पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया, बीएमओ डॉक्टर सत्येंद्र परस्ते व डॉक्टर संघ ने इस मौके पर शाल एवं श्रीफल देकर उन्हें सम्मानित करते हुए दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। सुमंत झारिया ने कहां की मेरे मन में युवाकाल से ही स्वास्थ्य विभाग में काम करने की इच्छा थी कहां अंतिम सांस तक लोगों के काम आने का प्रयास करूंगा, जिंदगी में आदमी का कार्य समय के साथ बदलते रहता है पर कार्य के प्रति दायित्व कभी खत्म नहीं होता। उन्होंने उपस्थित सभी को दायित्व का निर्वाहन करने की बात कही। इस मौके पर बीएमओ डॉ सत्येंद्र परस्ते, दिलेश्वर मार्को, प्रवीण उपाध्याय, अखिलेश झारिया, रेखा झारिया, काली झारिया, सुमतिया झारिया, नीतू झारिया, सुनीता झारिया, रानू झारिया, गणेश झारिया, प्रकाश झारिया, संदीप झारिया, पप्पू झारिया एवं रमेश झारिया सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## देवी अहिल्याबाई होलकर के 300वां जयंती वर्ष पर कार्यक्रम संपन्न

**अनूपपुर।** समाज, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित न्यायप्रिय देवी अहिल्याबाई होल्कर की 31 मई को 300वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मध्य क्षेत्र में वर्ष भर चलने वाले अमृतकाल क्षमता निर्माण कार्यक्रम के 20वें सत्र में आज सोलह श्रृंगार मातृशक्ति उद्यमिता में सौंदर्य प्रसाधन के 8.1 अरब डॉलर बाजार में त्वचा, बालों की देखभाल, चूड़ियाँ, बिंदियाँ, सिन्दूर, मेहंदी, विशेष सौंदर्य उत्पाद के साथ 2032 तक 18.4 अरब डॉलर के उद्यमिता के लिए मातृशक्तियों को स्वावलंबी बनाने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अहिल्याबाई ने महिला सशक्तिकरण, कौशल और स्वावलंबन के अनेक कार्य किये- केशव दुबौलिया कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संगठक स्वदेशी जागरण मंच तथा स्वावलंबी भारत अभियान के क्षेत्र समन्वयक केशव दुबौलिया ने बताया की पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई के जीवन वृत्त के असंख्य पहलु हैं।

## खेल युवा कल्याण विभाग के द्वारा रैली निकाल तंबाकू निषेध दिवस पर दिलाई गई शपथ



### -शहीद स्मारक से लेकर स्टेडियम तक लग रही लंबी कतार

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर में खेल युवा कल्याण विभाग के द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी खिलाड़ियों ने नशे से दूर रहने के लिए आम जनों से अपील की गई और खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन एवं जिला कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में एवं जिला खेल कल्याण अधिकारी मोहम्मद अमजद खान के मार्गदर्शन में विकासखंड शहपुरा के शहीद स्मारक से लेकर स्टेडियम ग्राउंड वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम तक नशा विरोधी तंबाकू निषेध दिवस पर रैली निकालकर खिलाड़ियों ने आमजन से अपील की तथा नशे से दूर रहने गली चैराहे पर कथा तंबाकू बेचने वाले व्यापारियों से आग्रह किया की अधिक से अधिक लोगों को तंबाकू की लत से एवं नशे तथा नशीली पदार्थ से दूर रखने की हिदायत दी जाए ताकि हमारा समाज सुधार और सभ्य बन सके उसके उपरांत खेल प्रशिक्षण केंद्र में मैराथन दौड़ तथा शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न कराया गया इस उपरांत खेल युवा कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित खिलाड़ी गढ़ मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 10 वीं एवं 12 वीं की मूल अंकसूचियों का वितरण

**नरसिंहपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा- 2024 की मूल अंकसूचियाँ जिला समन्वय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर को प्राप्त हो चुकी हैं। अंकसूचियों का वितरण 31 मई से 8 जून 2024 तक प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे के मध्य संभागीय अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मंडल जबलपुर के प्रतिनिधि द्वारा किया जावेगा। अंकसूचियाँ प्राप्त करने के लिए समस्त शासकीय, अशासकीय हाई/ हायर सेकेण्डरी विद्यालय जिला नरसिंहपुर के संस्था प्राचार्य (स्वयं) पत्र सहित या प्रतिनिधि (प्रमाणित हस्ताक्षरित पत्र सहित अनिवार्यतः) उपस्थित होकर निर्धारित समयावधि में अंकसूचियाँ प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

### वर्षा के कारण जल भराव की समस्या न हो

**करेली।** कलेक्टर नरसिंहपुर को करेली शहर में वर्षा के चलते पानी भरने को लेकर सुरक्षात्मक उपाय कार्य करने संबंधी ज्ञापन जर्नलिस्ट एसोसियान ऑफ मध्यप्रदेश के जिला अध्यक्ष ,पूर्व एल्डरमेन भागीरथ तिवारी ने प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा कि पिछले साल भारी वर्षा होने से शहर में पानी भरने की समस्या उत्पन्न होने से जनजीवन प्रभावित हुआ था। और मूक पशुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ा था। जून जुलाई माह में बरसात में करेली शहर में पानी भराव की समस्या से सामना न करे अतः निम्नविदुओ पर कार्यवाही करे जी। करेली शहर से गुजरने वाले मोतीनाला के दोनों तरफ किए गए अतिक्रमणो को तत्काल नाप कर हटवाया जावे।.करेली के समीप से निकलने वाली धमनी के दोनो तरफ किये अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। करेली शहर में मकानो का निर्माण करते समय तल घरो का निर्माण करने वाले मकानो की जांच कर कार्यवाही करे।

### जर्जर भवनों में संचालित हो रही शासकीय सोसाइटी

**तेंदूखेड़ा-** एक तरफ जहां शासन जहां गरीब परिवारों को निशुल्क राशन रियायती दरों पर खाद पाउडर बीज सोसाइटियों के माध्यम से उपलब्ध करा रहा है वहीं इन सोसाइटियों की जर्जर स्थिति इनकी सुरक्षा को लेकर प्रश्न चिन्ह लगा रही है। काफी लंबे समय पूर्व बनीं ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सोसायटी भवनों की स्थितियां काफी जर्जर हो गई है जो आज गिरें की कल कहा नहीं जा सकता।जगह जगह से मुंह फाड़ती दिवाले खिड़की टूटने के साथ ऊपर छत छप्पर से पानी आने जैसे अपने अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की कोई उचित व्यवस्था भी नहीं है। अनेकों ग्रामों में अब समूहों को इनके संचालन की व्यवस्था सौंप दी गई है।जो किराये के भवन में लग रहीं हैं। समीपी ग्राम इमझिरा में लोगों की सुविधाओं के लिए उपलब्ध सेवा सहकारी समिति का भवन चारों तरफ जीर्ण-शीर्ण से हो चुका है, भवन की चारों तरफ से दीवारों में भारी भरकम छेद निकल आए हैं,।

## कलेक्टर ने की मतगणना की तैयारियों की समीक्षा

# मतगणना कार्य सम्पन्न कराये जाने के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई



नरसिंहपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत 04 जून को कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में होने वाली मतगणना की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों से मतगणना संबंधी तैयारियों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए मतगणना कार्य सम्पन्न कराएं।

उन्होंने मतगणना स्थल की सुरक्षा, मतगणना परिसर में मतगणना कर्मचारियों, सहायक गणना कर्मियों, मतगणना एजेंट के प्रवेश, गर्मी को देखते हुए पेयजल, कूलर, दवाईयां, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, मतगणना सूचनाओं का चक्रवार आदान- प्रदान, स्ट्रांग रूम से मतगणना केन्द्र तक ईवीएम को लाने- ले जाने, परिसर में सीसीटीव्ही कैमरे, परिसर की साफ़- सफ़ाई, विद्युत उपलब्धता, ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों- कर्मचारियों के पहचान पत्र आदि सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

### लगाई गई कार्यपालिका दंडाधिकारियों की ड्यूटी

मतगणना कार्य निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। कृषि उपज मंडी किसान रेस्ट हाऊस में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट को अस्थायी निर्वाचन कार्यालय प्रभारी, मतगणना स्थल कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर के मेन गेट क्रमांक एक में डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार चौरसिया को मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों/ कर्मचारियों/ गणना अभिकर्ताओं का प्रवेश कराने, कृषि उपज मंडी जाने वाले रास्ते मंडी तिराहा में डिप्टी कलेक्टर महेन्द्र कुमार पटैल को मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों/ कर्मचारियों व गणना अभिकर्ताओं को प्रवेश कराना और कृषि उपज मंडी में बने मीडिया सेंटर डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूजा सोनी को मीडिया सेंटर प्रभारी के लिए निर्वाचन कर्त्तव्य सौंपे गये हैं। जारी आदेश के अनुसार मतगणना स्थल पर अधिकारी- कर्मचारी व अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता व गणना अभिकर्ता प्रातः 6 बजे से आना प्रारंभ हो जायेंगे। उक्त अधिकारीगण 4 जून को प्रातः 6 बजे के पूर्व उपस्थित रहकर सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करेंगे।



## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में 31 मई को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाए जाने के लिए अंतर्विभागीय जागरूकता अभियान की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश बोहरे ने 31 मई से 21 जून तक आयोजित होने वाले जागरूकता अभियान के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जिले में जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामु. स्वा. केन्द्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर तक अभियान दिवसों में शिविर, बैठक, उन्मुखीकरण, रैली आदि गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। बैठक में बताया कि जो व्यक्ति तंबाकू का सेवन करते हैं तंबाकू का सेवन त्याग दे, इनके सेवन से स्वास्थ्य संबंधी कई तरह की बीमारियां हो रही हैं। तम्बाकू के सेवन से कैंसर, हृदय, लीवर, क्रोनिक आदि बीमारी होती है। निकोटीन एक ऐसा पदार्थ है, जो बेहद नशीला होता है और तम्बाकू के पौधों में पाया जाता है। तम्बाकू के उत्पाद, तम्बाकू के पौधे की पत्तियों को संसोधित करके बनाये जाते हैं। सीएमएचओ डॉ. बोहरे ने तंबाकू छोड़ने के फायदे के बारे में बताया। तंबाकू छोड़ने से ह्रदय की धड़कन और रक्ततचाप घटकर सामान्य होगी। रक्त में कार्बन मोनो ऑक्साईड का स्तर घटकर सामान्य होगा। रक्त संचार और फेफडे.बेहतर कार्य करेंगे। खांसी, थकान और श्वास टूटने की शिकायत कम होगी। हृदयघात का जोखिम कम होगा। मुंह, गले, भोजन नली, गर्भाशय और पाचक ग्रंथि के कैंसर का जोखिम कम होगा।

# उर्वरकों की कालाबाज़ारी रोकने उड़नदस्ता दलों का गठन


**नरसिंहपुर।** जिले में खरीफ 2024 में कृषकों को उत्तम गुणवत्ता का कृषि आदान सामग्री उर्वरक/ बीज/ कीटनाशक सुनिश्चित कराने एवं किसानों को अनुसार उर्वरकों का औद्योगिक एवं गैर कृषि कार्यों में उपयोग, कालाबाजारी, अवैध भंडारण/ परिवहन रोकने के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिला, अनुविभाग व विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दलों का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार निरीक्षण के दौरान कलाबाजारी, अवैध भंडारण, परिवहन, मिसब्रांड, लायसेंस के बिना सामग्री विक्रय, लायसेंस में उल्लेखित कम्पनी के अलावा अतिरिक्त बिना पीसी के सामग्री विक्रय एवं निर्धारित दल से अधिक पर विक्रय पाये जाने की स्थिति में उर्वरक गुणानियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत उनका उर्वरक विक्रय लायसेंस निरस्त करने तथा पुलिस प्राथमिकी- एफआईआर दर्ज कर सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, तहसीलदार व पुलिस से सहयोग प्राप्त करेंगे। यदि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनियमितताओं की स्थिति निर्मित होती है, तो इसकी जिम्मेदारी क्षेत्रीय निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की होगी। उक्त सभी दल अनुज्ञापन अधिकारी एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास के निर्देशन में कार्य सम्पादित करेंगे व प्रतिदिवस प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

# समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द की खरीदी के लिए पंजीयन 5 जून तक

**नरसिंहपुर।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अनुसार वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024- 25) में प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत ई- उपार्जन पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के गेहूं के ई- उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन का कार्य 20 मई से 05 जून 2024 तक किया जायेगा। जिला उपार्जन समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार जिले के किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उत्पादित ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द के पंजीयन का कार्य करने के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया है। इस सिलसिले में करेली तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था सिमरिया हेतु समिति परिसर सिमरिया, सेवा सहकारी संस्था सुआतला हेतु समिति परिसर सुआतला, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित रामपिपरिया हेतु समिति परिसर रामपिपरिया, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित केरपानी- सरसला हेतु समिति परिसर केरपानी- सरसला, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित हिरनपुर- बरमान हेतु समिति परिसर हिरनपुर, वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था आमगांवबड़ा हेतु समिति परिसर आमगांव, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बारहा हेतु समिति परिसर बारहा व सहकारी विपणन संस्था मर्या. करेली हेतु समिति परिसर करेली को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। गोटेगांव तहसील के अंतर्गत वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था करकबेल हेतु समिति परिसर करकबेल, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था श्रीनगर हेतु समिति परिसर श्रीनगर, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित इमलिया- कामती हेतु समिति परिसर इमलिया, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बरहेटा हेतु समिति परिसर बरहेटा, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित मेख हेतु समिति परिसर मेख, सेवा सहकारी समिति मर्या. सूरवारी हेतु समिति परिसर सूरवारी, सेवा सहकारी समिति कमोद हेतु समिति परिसर कमोद, सेवा सहकारी समिति करेलीकला हेतु समिति परिसर करेलीकला, सेवा सहकारी समिति मर्या. बढ़ैयाखेड़ा हेतु समिति परिसर बढ़ैयाखेड़ा व प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित चांदनखेड़ा हेतु समिति परिसर चांदनखेड़ा को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था तेंदूखेड़ा हेतु समिति परिसर तेंदूखेड़ा, वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था डोभी हेतु समिति परिसर डोभी, प्राथ. सहकारी समिति मर्या. बिलगुवा हेतु समिति परिसर बिलगुवा व प्राथ. सहकारी समिति मर्या. बिलहेरा हेतु समिति परिसर बिलहेरा को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। नरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत बृहत्ता सेवा सहकारी संस्था नरसिंहपुर हेतु समिति परिसर नरसिंहपुर, वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था लोकीपार हेतु समिति परिसर लोकीपार, सेवा सहकारी संस्था धमना हेतु समिति परिसर धमना, वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था डांगीढाना हेतु समिति परिसर डांगीढाना, सेवा सहकारी संस्था मुंगवानी- पाठापिपरिया हेतु समिति परिसर मुंगवानी, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित गोरखपुर हेतु समिति परिसर गोरखपुर व प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मुर्गाखेड़ा हेतु समिति परिसर मुर्गाखेड़ा को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है।

# पार्षद एवं सीएमओ ने वार्ड का भ्रमण करके वार्ड की समस्याएं देखी

**करेली।** शुक्रवार को महेंद्र सिंह किलेदार वार्ड करेली में पार्षद संगीता शर्मा एवं सीएमओ श्रीकांत पाटर ने वार्ड का भ्रमण करके वार्ड की समस्याएं देखी एवं वार्ड वासियों की सुनी एवं कुछ जगह हिदायत दी। महेंद्र वार्ड पार्क में लाइट कम होने के कारण लाइट लगाई जाएगी पार्क की साफ सफाई पार्क का सौंदरीकरण भी किया जाएगा रोड पर मटेरियल डाले हुए हैं उनको अलग करने के लिए बोला गया अलग न करने पर उसके बाद जुर्माना लगाया जाएगा। जहां पर नाली व रोड बनाना एवं जहां पुलिया टूटी हुई उसको ठीक करना नगर पालिका द्वारा जल सप्लाई की जाती है नल चालू होने के बाद वार्ड में कुछ दुकान वाले एवं घरवाले डेली पानी से रोड धोते हैं एवं पानी बहाते हैं जो गंदा पानी आजू-बाजू के घरों के पास में बहाते हैं उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। और सरकारी नल कनेक्शन अलग कर दिया जाएगा छत के ऊपर से जो पाइप लगाकर रोड पर पानी गिरते हैं उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। रोड पर जो बकरी भैंस जानवर बाधे हुए हैं उनको हिदायत दी गई जानवर घर के अंदर बाधे अन्यथा जुर्माना लगाया जाएगा जो भी सरकारी जगह में सीढी दासे बनाये हुए हैं एवं नालिया ढाके हुए है पक्का किए हुए हैं उनको तोड़ा जाएगा। फर्नीचर दुकान के बाजू में जो बुरादा पड़ा है उसको



अलग करने के लिए कहा गया। इस वार्ड भ्रमण में सीएमओ श्रीकांत पाटर वार्ड प्रभारी अखिलेश चंदोलिया सफाई दरोगा राजकुमार बुंदेलिया वीरेंद्र लोधी कोमल रजक मैट चरण सफाई कर्मी मोनू रंजीत एवं महेंद्र वार्ड की पार्षद संगीता शर्मा साथ में थी।

# नवलगांव में सुंदरकांड का आयोजन आज

**नरसिंहपुर ।** नवलगांव में आयोजित होने वाली श्री हनुमंत कथा की तैयारी लगभग अंतिम चरण में है पंडाल पूरी तरह से सुसज्जित है जिसमें सुंदरकांड का आयोजन किया जा रहा है जो की आज शाम 7:00 बजे से शुरू हो जाएगा । यह सुंदरकांड श्री रघुनंदन संगीत ग्रुप गाडरवारा द्वारा प्रस्तुत किया जाना है सभी धर्म प्रेमी सुंदरकांड पाठ में आमंत्रित हैं कथा आयोजन समिति के द्वारा समस्त क्षेत्र वासियों एवं नगर नरसिंहपुर तथा जिले के समस्त लोगों से आग्रह



किया जाता है की अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## खेत में डाल रहा था खाद्य, नीचे झूलते विद्युत तार बने दुर्घटना का कारण

# करंट लगने से आदिवासी मजदूर की मौत

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को सुबह सुबह समीपी ग्राम खमरिया बरांझ में एक खेत में देशी खाद्य डालने का काम करते समय सुरेश ठाकुर 40 साल की विद्युत तार से करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुरेश ठाकुर मजदूरी का काम किया करता था।सुबह सुबह वह खेत में टेक्ट्रर ट्राली से खाद्य डाल रहा था कि ऊपर उसकी मौत बनकर लटक रहे विद्युत तारों को नहीं देख पाया और उसकी चपेट में आते ही घटना स्थल पर ही मौत हो गई। चूंकि विद्युत तारों की निचाई काफी कम होने की स्थिति में है। घटना की जानकारी लगते ही तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित किया।अब उसका पोस्टमार्टम प्रक्रिया की जा रही है।मृतक के दो छोटे छोटे बच्चे और पत्नी भी है। गौरतलब रहे कि विद्युत तार केवल खमरिया की समस्या नहीं है बल्कि अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों की यह गंभीर समस्या है। इतना ही नहीं किसान अपने खेत से टेक्ट्रर ट्राली निकालने के लिए अलग से लकड़ी से इन तारों को ऊपर किए हुए हैं। वहीं गांव में ट्रांसफार्मर भी खुले पड़े हुए हैं बरसात के दिनों में अनेकों बार करंट लगने से बहुत से मवेशियों की भी मौत हो चुकी है लेकिन आज तक सुधार की दिशा में कोई उचित पहल नहीं की गई है।ऐसी दर्दनाक घटनाएं घटित होने के बाबजूद भी सुधार ना हो पाना सोचनीय विषय बना हुआ है।



### जर्जर विद्युत केबिल लाइन एवं खुले ट्रांसफार्मर बढ़ा रहे मुसीबत

तेंदूखेड़ा क्षेत्र में जर्जर विद्युत केबिल लाइन व्यवस्था और जहां तहां खुले पड़े ट्रांसफार्मर समस्या के मुख्य जनक बनें हुए हैं। विद्युत केबिल लाइन हीट होकर टूटने से बिजली का आना जाना। तथा खुले ट्रांसफार्मर नीचे विद्युत तारों के कारण आयें दिन घटनाएं दुर्घटना बढ़ती नजर आ रही है। बरसात के दिनों में खतरा और ज्यादा बढ़ जाता है। आवारा मवेशियों को विचरण करते समय करेंट लगने स्टे तारों में करेंट आना फिर विद्युत तार अधिक निचाई पर होने के कारण खेतों से आने जाने वाले कृषकों तथा कृषि उपज निकालने में परेशानी हुआ करती है या फिर घटनाएं दुर्घटना हुआ करती है। विद्युत विभाग को चाहिए कि वह अपने कर्मचारियों की संख्या में इजाफा करते हुए पहले जर्जर विद्युत केबिल लाइन बदले फिर खुले ट्रांसफार्मरों की उचित व्यवस्था करें एवं अधिक निचाई वाले तारों को ठीक करायें।

# अवैध कॉलोनियों पर कब कसेगा शिकंजा, जिनका कुछ नहीं उन्हें थमाये जा रहे नोटिस

**तेंदूखेड़ा-** इन दिनों तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा में मनमाने तरीके से निर्माण कार्य चल रहे हैं। जिसे जहां समझ पड़ रहा है, चाहे सरकारी भूमि पर निर्माण का विषय हो या फिर राजस्व से रोक लगा दी गई हो दूरगामी परिणामों को सोचे बगैर ही निर्माण कार्य चल रहे है। वहीं नियमों को ताक पर रखकर कालोनियों को काटकर हाई-टेंशन विद्युत लाइनों के नीचे प्लाट काटकर बेच दिये गये हैं। और जबाबदार अपनी आंख बंद किए बैठे हुए हैं। क्या इन अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा कसेगा ? यदि समय रहते सख्ती से दंडात्मक कार्यवाही नहीं की गई तो आने वाले समय में उक्त गतिविधियां प्रशासन की ही गले की फांस बन सकती हैं। इन कालोनाइजरों की गतिविधियों पर समाचार पत्रों के माध्यम से स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया था लेकिन तीन माह में संबंधित कालोनाइजर अभी तक अपने डायवर्सन से लेकर कालोनी के मापदंडों से संबंधित कोई भी उचित दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका है। फिर भी प्रशासन कार्यवाही से परहेज करता देखा जा रहा है।विगत दिनों मध्यप्रदेश शासन द्वारा शिवराज सरकार के उस निर्णय को बदलते हुये अवैद्य कालोनियों की एक बार शक्ति से कार्यवाही किये जाने के निर्देश जारी कर दिये गये है। इस कार्यवाही से निश्चित तौर पर मनमानी करने वाले उन



कालोनाइजरों के बीच हड़कम्प देखा तो कुछ दिन देखने को मिला लेकिन फिर वहीं जहां के तहां ढाक के तीन पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए नजर आये। विगत दिनों नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने आंख मूंद कर कुछ नोटिस जारी कर दिए हैं जिन्होंने केवल जमींन खरीद कर ही डाली है। उन्हें भी नोटिस थमा दिये गये लेकिन जो बिल्कुल आंख में मिर्ची डाल कर उपभोक्ताओं के हितों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं उन पर कोई उचित दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई। सर्वसुविधायुक्त कालोनी के नाम पर प्लाट बिक्रय हो जाने उपभोक्ताओं द्वारा मकान भी बना लिए लेकिन ना तो वहां भी पक्की सड़क बनी नालियों का निर्माण आधा अधूरा ही किया गया नालियों में निस्तार का पानी महीनों से जमा रहने के कारण जहां मच्छर पनप रहे हैं वहीं दुर्गन्ध मारती नालियों से रहवासी परेशान हैं। इनमें जीव जंतुओं का डेरा भी बना हुआ है। अनेकों बार कालोनी के लोगों ने अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से परेशानियों से अवगत कराया फिर भी इन पर प्रशासन की कृपा सोचनीय विषय बना हुआ है।

### हाई-टेंशन विद्युत लाइन के नीचे बेंच दिये थे प्लाट

नगर के विभिन्न हिस्सों में मनमाने तरीके से कालोनी बनाकर प्लाट बेंचने का गोरख धंधा काफी लंबे समय से फल फूल रहा है।ना सड़क ना बिजली ना पानी फिर भी कालोनी का रुप और प्लाट बेंचने का सिलसिला जारी है उपभोक्ता भी दूरगामी परिणामों को सोचे बगैर ही प्लाट खरीदते चले जा रहे हैं।जिनका डायवर्सन भी नहीं है और ना ही कालौनी काटने के निर्धारित मापदंडों पर चल रहे हैं फिर भी प्लाट बेंचते चले जा रहे हैं। ऐसा ही एक विषय राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के किनारे शासकीय कालेज के समीप ही लगभग आठ एकड़ भूमि पर हाई-टेंशन विद्युत लाइन के नीचे ही प्लाट बिक्रय किये गये हैं। इतना ही नहीं अधिकांश प्लाट बिक्रय भी हो चुकें हैं। लेकिन आने वाले समय में इन्हीं उपभोक्ताओं को यह निर्माण कार्य दुखदाई साबित होगा। अधिकारियों द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से विषय उजागर होने के उपरांत नोटिस तो थमायें गये थे लेकिन अभी तक इस पर क्या कार्यवाही हुई यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

### इनका कहना है

संबंधित लोगों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने नोटिस जारी किए थे इनमें से दो लोगों से ही जानकारी आई है वाकी दो लोगों की अभी तक नहीं आई है। जिसका प्रतिवेदन बनाकर कलेक्टर नरसिंहपुर को भेजा जा रहा है एवं वस्तुस्थिति से भी अवगत करा दिया है।

**संघ मित्रा गौतम**
**एस डी एम तेंदूखेड़ा**